लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 2065

उत्तर देने की तारीखः 03.03.2020

बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना

2065. श्री श्याम सिंह यादवः
श्री गिरीश चन्द्रः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के अंतर्गत कितने छात्रावासों का निर्माण किया गया है; और
(ख) इस योजना के अंतर्गत राज्य-वार कितने छात्रावास निर्माणाधीन हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क): बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई) के अंतर्गत वर्ष 2007-08 से आज तक उत्तर प्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति के बालकों/बालिकाओं के लिए 25 छात्रावास निर्माण हेतु कुल संस्वीकृत किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से 21 छात्रावासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

(ख): बीजेआरसीवाई की स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, छात्रावासों को परियोजना की संस्वीकृति की तारीख से दो वर्षों की अवधि के भीतर पूरा किया जाना है। स्कीम के अंतर्गत निर्माणाधीन छात्रावासों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

अनुबंध

"बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना" के संबंध में श्री श्याम सिंह यादव और श्री गिरीश चन्द्र द्वारा दिनांक 03.03.2020 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2065 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

बीजेआरसीवाई की स्कीम के अंतर्गत निर्माणाधीन छात्रावासों की राज्य-वार संख्या

क्रम सं.	राज्य का नाम	निमार्णाधीन छात्रावासों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	4
2.	असम	27
3.	बिहार	1
4.	हरियाणा	3
5.	जम्मू और कश्मीर	1
6.	झारखंड	4
7.	कर्नाटक	13
8.	केरल	3
9.	मध्य प्रदेश	15
10.	महाराष्ट्र	8
11.	मणिपुर	3
12.	नागालैंड	1
13.	ओडिशा	5
14.	पुडुचेरी	3
15.	पंजाब	10
16.	राजस्थान	10
17.	सिक्किम	2
18.	तमिलनाडु	2
19.	तेलंगाना	9
20.	त्रिपुरा	3
21.	उत्तराखंड	1
22.	उत्तर प्रदेश	4
23.	पश्चिम बंगाल	3
कुल		**135**

*****